## खबर संक्षेप

### ऑटो चालक ने की गाली-गालौज

**शहडोल।** कोतवाली में फरियादी प्रकाश राव निवासी सिंहपुर रोड द्वारा शिकायत दर्ज कराई कि मंगलवार की सुबह 5 बजे वह बुढ़ार चौक पर दूसरे आटो चालक से दुकान जाने की बात कर रहा था, तभी एक आटो क्रमांक एमपी 18 आरओ 262 जिसका चालक बुदरू शर्मा नाम का शराब के नशे में मुझसे गाली-गालौज से बात करने लगा, मैनें उसे शांत करने का प्रयास किया, लेकिन वह अत्यधिक शराब पिये हुए था, उक्त घटना से मैं मानसिक रूप से प्रताड़ित हूं, कथित आटो चालक के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

### एडीजीपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**शहडोल।** एडीजीपी (कल्याण), पुलिस मुख्यालय भोपाल अनिल कुमार द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया। सामुदायिक भवन पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पुलिस कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी एवं वेलफेयर गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अनिल कुमार द्वारा पुलिस बल के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना में फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि मुनेश सिंह नाम का व्यक्ति उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना जयसिंहनगर में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना आरोपी मुनेश सिंह पिता रामकुमार उम्र 29 वर्ष निवासी ढेढुआ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जयसिंहनगर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक जीवन सिंह टेकाम, सहायक उपनिरीक्षक अनिल गौतम, आरक्षक राजकुमार मिश्रा, उदय सिंह एवं नीरज की भूमिका रही है।

### विधायक ने तालाब में श्रमदान कर किया साफ-सफाई



**शहडोल।** आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत ब्यौहारी के नगर परिषद खाड़ स्थित तालाब मे विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने श्रमदान कर साफ सफाई का कार्य किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया। श्रमदान कार्य में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला सिंह सहित अन्य लोगों ने भी श्रमदान किया।

### पूर्व मंत्री के पुत्र का अवैध भवन बना असमाजिक तत्वों का अड्डा

# भवन अवैधः नाबालिग का बलात्कार, बुलडोजर से परहेज



मुख्यालय के सबसे रिहायशी इलाके में सरकार के पूर्व मंत्री और अनूपपुर विधायक के पुत्र द्वारा बीते वर्षों में बनाया गया भवन नियमों को तिलांजलि देकर बनाया गया,अवैध निर्माण की पुष्टि और भवन में 13 साल की बच्ची के साथ दुराचार होने के बाद भी यह भवन आज भी असामाजिक तत्वों की शरणस्थली बना हुआ है, निकाय और जिला प्रशासन ने अवैध निर्माण को हटाने और मालिक के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाए है।

**शहडोल।** भाजपा विधायक के बेटे का आवासीय निर्माण इन दिनों चर्चा का विषय है, विधायक और पूर्व मंत्री बिसाहुलाल सिंह के बेटे रामराज सिंह शहडोल नगर पालिका से निर्माण की अनुमति लेकर अप्रूव नक्शे के विपरीत भवन बनाने में जुटे हैं। बीती 8 अप्रैल को 13 साल की मासूम छात्रा से इसी विवादित भवन में 54 वर्षीय आरोपी पंकज कटारे ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। वारदात के बाद विवादित निर्माणाधीन भवन की पड़ताल मीडिया के सामने आई कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। वार्डवासियों ने बताया कि उक्त भवन में बीते कई माहों से चल रहे असामाजिक कार्यों और आवारा तत्वों की शरणस्थली बनने के बारे में स्थानीय थाने में इसकी सूचना भी दी थी, लेकिन पूर्व मंत्री का भवन होने के कारण स्थानीय पुलिस और नपा अमले ने कोई दिलचस्पी नहीं ली।

### 2021 में अनुमति,फिर भी अधूरा

प्रदेश सरकार में मंत्री रहते हुए अनूपपुर से भाजपा विधायक बिसाहुलाल सिंह ने अपने बेटे रामराज सिंह के नाम से शहडोल शहर में खसरा नंबर 1660/07 आशीर्वाद कॉलोनी, पांडवनगर में 2021 में एक आवासीय भवन का निर्माण शुरू किया। इसमें ग्राउंड फ्लोर के अलावा ऊपरी 3 मंजिल निर्माणाधीन है। जिसमें 15 अपार्टमेंट बनाए जा रहे हैं। जबकि नगर पालिका से जिस नक्शे का अनुमोदन कराया गया है, वह निर्माणाधीन मकान के बिल्कुल विपरीत है। वहीं इस भवन का निर्माण पिछले 2 सालों से रुका हुआ है। नगर पालिका प्रबंधन भी इस बात से अनजान है कि उक्त भवन का निर्माण अभी तक अधूरा क्यों है, जबकि भवन को जिस तय सीमा में निर्माण की अनुमति मिली थी, अब वह भी अब समाप्त हो चुकी है। उक्त भवन का निर्माण कार्य पिछले 2 सालों बंद पड़ा है, अनूपपुर से भाजपा विधायक बिसाहू लाल सिंह 2021 में प्रदेश की शिवराज सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री हुआ करते थे। इसी दौरान 2 मार्च 2021 में बेटे रामराज सिंह ने अपने नाम से शहडोल नगर पालिका में भवन निर्माण का आवेदन दिया। जिसमें रामराज सिंह ने नगर पालिका को बताया कि वह शहडोल के वार्ड क्रमांक 7 के आशीर्वाद कॉलोनी में स्थित खसरा नंबर 1660/7 में एक आवासीय उपयोग के लिए आवासीय भवन का निर्माण करने जा रहे हैं। उन्होंने प्लॉट की चौड़ाई 20 मीटर और गहराई



27.490 मीटर कुल प्लॉट एरिया 550 स्क्वायर मीटर बताया। कुल बिल्डअप एरिया 6550 स्क्वायर फीट में बताया गया, जबकि एक फ्लोर ही 5 हजार स्क्वायर फीट के आस-पास है। वर्तमान निर्माण के अनुसार उक्त कमर्शियल अपार्टमेंट का बिल्डप एरिया 15 हजार स्क्वायर फीट से ज्यादा है।

### नगर पालिका ने दे दी अनुमति

तत्कालीन प्रदेश सरकार के मंत्री और कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए कद्दावर आदिवासी नेता बिसाहूलाल सिंह का प्रभाव अनूपपुर के साथ साथ शहडोल जिले में था। मंत्री के बेटे के नाम से आए उक्त आवेदन की बिना गहन पड़ताल किए नगर पालिका प्रबंधन ने भी भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र मध्य प्रदेश मिन्यूसिपल एक्ट 1961 की धारा 187 के अंतर्गत अनुमति जारी कर दिया। साथ ही इस अनुमति में नगर पालिका की तरफ से यह भी लिखा गया कि आवेदन के विवरण अनुसार भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था, शपथ पत्र के अनुसार स्वयं के उपयोग के लिए प्रकोष्ठ विक्रय प्रतिबंधित किया जाता है।

बनाया कमर्शियल अपार्टमेंट

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत कोई भी भवन निर्माण करने से पहले आवेदक को नगरीय प्रशासन से अनुमति लेनी होती है। उसे शपथ पत्र देकर भवन का प्रकार, उपयोग, भूमि, नक्शा समेत अन्य जानकारी देना होता है। फिर इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर नगरीय निकाय आवेदक को भवन निर्माण की अनुमति देता है। रामराज सिंह ने उस समय अपने पिता के कैबिनेट मंत्री होने के रसूख का भरपूर फायदा उठाया और गलत शपथ पत्र देकर जिस आवासीय भवन निर्माण की अनुमति ले ली, उसके विपरीत घर बना डाला। प्रत्येक फ्लोर में जो नक्शा दिखाया गया, उसके उलट 15 फ्लैट का अपार्टमेंट बना डाला। निर्माण के दौरान इस गड़बड़ी को जानते हुए भी नगर पालिका के कर्मचारी भवन का प्रकार देखने पहुंचे।

### तीनों फ्लोर का नक्शा एक जैसा

शहर के एक मशहूर आर्किटेक्ट इंजीनियर ने नाम नहीं छापने और बिना कैमरा के सामने आए बताया कि रामराज सिंह ने जो नगर पालिका से नक्शा एप्रूव कराया है, मौके पर उसके विपरीत निर्माण कार्य हुआ है। प्रस्तावित नक्शे के प्रत्येक फ्लोर में 4 बेडरूम, 2 किचेन, 2 बरांडा, 2 सीढ़ी, 3 कंबाइन बाथरूम और बीच में खुली जगह है। जबकि मौके पर ऐसा नहीं है। 4 सेपरेट अपार्टमेंट के साथ एक सिंगल रूम का अटैच लैट-बॉथ वाला एरिया निर्माणाधीन है। जो 4 सेपरेट अपार्टमेंट में हैं, उनमें अलग से किचेन, वॉशरूम समेत अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र जारी करते समय भवन के नक्शे को बनाने वाले रजिस्टर्ड आर्किटेक्ड को नगर पालिका में फार्म 16(9) फार्म फॉर सुपर विजन भरना पड़ता है। इससे नगर पालिका को यह तसल्ली होती है कि जो नक्शा हमसे पास कराया गया है, निर्माण उसी के आधार पर होगा, क्योंकि पास नक्शा के विपरीत निर्माण होने पर फार्म 16(9) जमा करने वाले आर्किटेक्ड का रजिस्ट्रेशन नगर पालिका रद्द कर सकती है।

### कांग्रेस के नपा अध्यक्ष का पुत्र भी मंत्री के प्रभाव में

भाजपा विधायक बिसाहूलाल सिंह के बेटे रामराज सिंह के नाम से हो रहे इस निर्माण का नक्शा शहडोल शहर की आर्किटेक्ट ख्याति चौबे रजिस्ट्रेशन नम्बर 3725/2018 द्वारा बनाया गया। इसके बाद उसे खुद अप्रूव कर नगर पालिका से भी अप्रूव कराया, फिर सुपरविजन का फॉर्म भरकर अपने सुपर विजन निर्माण शुरू करवा दिया। आर्किटेक्ट ख्याति चौबे ने अपने रजिस्ट्रेशन को दाव में लगाकर अप्रूव नक्शे के विपरीत कमर्शियल अपार्टमेंट का निर्माण करवा दिया। नगर पालिका यदि इस पर नियम के अनुसार कार्रवाई करेगी तो आर्किटेक्ट का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा सकता है। जिस आर्किटेक्ट ने नगर पालिका में फार्म 16(9) के तहत फार्म फॉर सुपर विजन भरा वो दिल्ली में किसी कंपनी में प्राइवेट जॉब कर रही हैं। पड़ताल में यह बात सामने आई कि इस फर्जी अनुमति में शहडोल नगर पालिका के अध्यक्ष और कांग्रेस के कद्दावर नेता घनश्याम जायसवाल के सिविल इंजीनियर बेटे विवेक जायसवाल भी अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। नगर पालिका से अनुमति दिलाने में सिविल इंजीनियर विवेक की भूमिका प्रमुख थी, इस बात को खुद विवेक ने चर्चा के दौरान स्वीकार किया है। विवेक कहते हैं यह बात सही है कि 02 मार्च 2021 नगर पालिका से अप्रूव नक्शा के अनुरूप निर्माण नहीं हो रहा है। आवासीय निर्माण की जगह कमर्शियल निर्माण हो रहा है। आर्किटेक्ट ख्याति चौबे को इस बात की जानकारी नहीं होगी क्योंकि वह दिल्ली में किसी प्राइवेट कंपनी में जॉब कर रही हैं। उनकी जगह मैंने ही अनुमति की प्रकिया को पूर्ण कराया था, उसके बाद निर्माण की मुझे कोई जानकारी नहीं है।

### गुमराह करके निर्माण करते गए मंत्री पुत्र

हाईप्रोफाइल मामला होने के कारण नगर पालिका के अधिकारियों ने भी इस निर्माण को ले कर अपनी आंख मूंद ली थी। वहीं भवन निर्माता ने भी पालिका को निर्माण संबंधी किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी। जबकि मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के नियम 31(2) (ड) के अनुसार आवेदक को कुर्सी स्तर तक निर्माण कार्य हो जाने पर निरीक्षण के लिए भवन अधिकारी को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन सूचना परिशिष्ट ड (2) में देना होता है। भवन निर्माता रामराज सिंह पिता बिसाहुलाल सिंह द्वारा नगर पालिका को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### नशेडियों का अड्डा बना भवन

भवन के समीप एएसपी का बंगला पास होने के बाद भी सूना पड़ा यह भवन शहर के नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है, पांडवनगर के आशीर्वाद कॉलोनी में सुमन सरोवर के एक किनारे पर पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक बिसाहुलाल सिंह के बेटे रामराज सिंह का भवन निर्माणाधीन है और दूसरे किनारे पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का बंगला है। इसके बाद भी यह शहर के नशेड़ियों का अड्डा है। बिल्डिंग के सामने वाले गेट में भवन निर्माता द्वारा ताला लगा कर रखा गया है। जबकि पीछे वाला गेट खुला है। जिसमें से लोग आसानी से भवन के अंदर प्रवेश कर जाते हैं। बाउंड्री वॉल भी पीछे तरफ नहीं होने के कारण लोग आसानी से निर्माणाधीन भवन का उपयोग अनैतिक कार्यों के लिए करते हैं। किसी भी फ्लोर पर कोई दरवाजा खिडक्की नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था भी ताक पर है। भवन के एक हिस्से में तालाब, दो तरफ रोड और पीछे की तरफ खाली स्थान होने से असामाजिक तत्वों के लिए यह सेफ जोन बन जाता है। यहां अंदर आकर शराब पीना, नशीली दवाइयों का सेवन, लड़कियों के साथ प्रवेश करना आसान होता है, क्योंकि तीनों फ्लोर की दीवारों की छपाई लगभग पूर्ण हो गई है, फ्लोरिंग, लाइट और प्लंबर फिटिंग का कार्य अभी अधूरा है। कोई भी सुरक्षा कर्मी भवन में मौजूद नहीं रहता जिस कारण किसी भी प्रवेश भवन के अंदर वर्जित नहीं है।

### इनका कहना है....



उक्त निर्माण की अनुमति 01 मार्च 2024 तक ही विधिमान थी। यह 3 साल के लिए जारी किया गया था। तय सीमा में यदि निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है तो, संबंधित आवेदक को दोबारा भवन निर्माण की अनुज्ञा अनुमति लेना होगा। मध्यप्रदेश की नगर पालिका अधिनियम की धारा 301 के अंतर्गत निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उपयोग में लाने की अनुमति भी प्राप्त करने का प्रावधान है। उक्त अनुमति के बाद ही भवन को उपयोग में लाया जाता है। जो भी अनुमति 2021 में जारी की गई होगी, वह आवेदक के शपथ पत्र और दिए गए दस्तावेजों के आधार पर होगी। भवन निर्माण का कार्य पालिका के लाइसेंसी सुपरवाइजर, इंजीनियर और की देखरेख में करना अनिवार्य होता है। मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के नियमों की बात करें तो, इसके पालन की संपूर्ण जवाबदारी लाइसेंसी इंजीनियर और भवन निर्माता की होती है।

**अक्षत बुंदेला**
**सीएमओ**
**नगर पालिका,शहडोल**

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी बाइक सवार युवक मुकेश बैगा उम्र लगभग 25 वर्ष बाइक से मार्केट समान लेने गया था और सामन लेकर घर वापस लौट रहा था, तभी तरल पदार्थ से भरे ट्रक से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई, टक्कर इतनी जोरदार थी कि मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रहे सडक़ हादसों को लेकर क्षेत्रीय लोगों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन को सडक़ सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए।

### इनका कहना है...

एक टैंकर वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मारी, जिससे बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, इस मामले में वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**एस.पी.चतुर्वेदी**
**थाना प्रभारी, जयसिंहनगर**

### सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन के कार्यक्रम स्थल का विधायक ने किया निरीक्षण

**शहडोल।** विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने 30 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम का भव्य स्वरूप देने हेतु आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर अशोक मरावी ने निरीक्षण के दौरान बताया कि जनपद पंचायत जयसिंहनगर, नगरपरिषद जयसिंहनगर अन्तर्गत मुख्यमत्रीं कन्या विवाह योजना के पात्र कन्या, विधवा, परित्यक्ता का विवाह 30 अप्रैल 2025 को चूंदी नदी सिद्धबाबा मंदिर ग्राम पंचायत कतिरा में आयोजित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अनु विभागीय अधिकारी राजस्व जयसिंहनगर श्रीमती प्रगति वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शादी के अगले दिन ही दुर्घटना में दूल्हे की मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक हादसे में दूल्हा समेत दो युवकों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब दूल्हा अपनी सुहागरात से पहले पत्नी के लिए तोहफा लेने बाजार मोटरसाइकिल से गया हुआ था। वापस लौटते समय विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में दूल्हा और सामने वाली बाइक के चालक की मौत हो गईं। जब इस बात की जानकारी मृतक (दूल्हा) के घर पहुंची तो कोहराम मच गया। घर में मौजूद दुल्हन का सुहाग शादी के चंद घंटे बाद ही उजड़ गया।

### सामने वाले बाइक सवार की भी मौत

ब्यौहारी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम झिरिया निवासी दीपेंद्र साकेत पिता कमलेश साकेत 22 वर्ष की गत 20 अप्रैल को सीधी जिला के मगरोहर गांव में बारात गई थी। शादी के बाद 21 अप्रैल की दोपहर एक बजे विदाई के बाद बारात घर लौटी। दूल्हे को शादी में एक मोटरसाइकिल भी उपहार में मिली थी। इसी में सवार होकर



वह शाम अपनी पत्नी के लिए सुहागरात का तोहफा लेने गांव से ब्यौहारी गया था। तोहफा लेकर वापस लौटते समय घर से करीब 02 किलोमीटर पहले ग्राम सराई साधा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में दूल्हे और सामने वाली बाइक के चालक की मौत हो गईं। जबकि पीछे बैठा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

### मातम में बदल गई खुशियां

इस हृदय विदारक हादसे के बाद बारात वाले घर की सारी खुशियां मातम में बदल गईं। घर के कमरे में सज संवरकर जो दुल्हन अपने जीवन साथी का इंतजार कर रही थी, उसे यह मनहूस खबर मिली कि उसका सुहाग उजड़ गया हैं। घर में चीखने और रोने की आवाजें गूंजने लगीं। ब्यौहारी अस्पताल में दूल्हा और दूसरी बाइक चालक के शव का पोस्टमार्टम किया। दुल्हन बार-बार रो-रोकर बेहोश हो रही है।

### इनका कहना है...

पुलिस द्वारा मार्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**अरुण पाण्डेय**
**थाना प्रभारी,ब्यौहारी**

# पालिका के फुटपाथ पर रेडीमेड दुकानः दिनदहाड़े कर रहे कब्जा

**शहडोल।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत चौपाटी के समीप सरस्वती स्कूल से सटे फुटपाथ पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है, यहां पहले से ही फूलों के अलावा कपड़े की दो दुकानें संचालित है, मंगलवार की शाम यहां फिर फूल वाले की दुकान के ठीक बगल से रेडीमेड टीन का कंटेनर लाकर रखा गया और दुकान संचालित कर दी गई, यह पूरा वाक्या शाम करीब 04 से 05 बजे के बीच का है, फुटपाथ पर अतिक्रमण सिर्फ इसी क्षेत्र में नहीं बल्कि संभागीय मुख्यालय के लगभग फुटपाथ पर इसी तरह का बेजा कब्जा हो रहा है, जिससे सडक़े सिकुड़ रही है और आए दिन दुर्घटना बढ़ रही है, इस पूरे मामले में नगर पालिका की चुप्पी भी संदेहास्पद है।

**फुटपाथ के किराए की चर्चा**

मंगलवार की दोपहर जिस खुले अंदाज में चार पहिया



वाहन पर टीन से बनी रेडीमेड दुकान लाई गई और फिर फूल वाली दुकान को सिकुड़ कर मजदूरों ने वहां नई दुकान वाहन से उतार कर सजा दी, इससे यह तो स्पष्ट होता है कि कहीं ना कहीं नगर पालिका के राजस्व अमले के कर्मचारी और अन्य लोग इसे संरक्षण दे रहे हैं, चर्चा तो यह भी है कि इस दुकान का मासिक 4000 किराया तय हुआ है, जो दुकानदार के द्वारा किसी एक व्यक्ति को देना होगा, पड़ोस में ही फूल की दुकान संचालित है, जिसका लगभग 12000 किराया मासिक दिए जाने की चर्चा है, अन्य दो से तीन दुकानों से भी इसी तरह किराया लिया जा रहा है, फुटपाथ पर लगातार दुकाने बढ़ रही हैं और उसका किराया खुलेआम वसूला जा रहा है और राजस्व अमला तथा जिला प्रशासन चुप्पी साठे बैठा है।

### दिखावे के अतिक्रमण हटाओ अभियान

नगर पालिका के द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन जिस तरह खुलेआम फुटपाथ पर अतिक्रमण हो रहा है, उसे कहीं ना कहीं पालिका का संरक्षण मिला हुआ नजर आ रहा है, बीते वर्ष पालिका प्रशासन द्वारा राजेंद्र टॉकीज के समीप स्थित शराब दुकान के ठीक बगल से फुटपाथ पर बाहर निकली एक दुकान का अतिक्रमण हटाया गया था, इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला ने आस-पास के अन्य दुकानों के द्वारा फुटपाथ पर किए गए कब्जे और बनाए गए टीन आदि के सेट को हटाने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद अभी तक एक बार भी पालिका प्रबंधन ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही तो नहीं की अलबत्ता अतिक्रमण को कब्जा करने के लिए ऑफ रिकॉर्ड कर्मचारी जरूर तैनात कर दिए और किराया भी वसूला जाने लगा।

## बाघ का आतंक, जंगल में व्यक्ति को किया लहूलुहान

**उमरिया।** जिले के प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र में बाघ के हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दो दिन में यह तीसरा हमला है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों में डर का वातावरण है और वन विभाग की टीम पूरी तरह अलर्ट पर है। मंगलवार की सुबह पतौर गांव के निवासी राम नारायण भुरतिया पर बाघ ने हमला कर दिया। खबर है कि राम नारायण सुबह के समय महुआ बीनने जंगल की ओर गए थे। इसी दौरान अचानक एक बाघ ने उन पर झपट्टा मार दिया। हमले में राम नारायण को पीठ और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मैराल के नेतृत्व में वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घायल राम नारायण को प्राथमिक उपचार के बाद मानपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार राम नारायण की हालत अब स्थिर है, लेकिन अभी भी उन्हें निगरानी में रखा गया है। परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मैराल ने बताया कि यह घटना कोर क्षेत्र में घटी है, जहां ग्रामीणों का प्रवेश प्रतिबंधित होता है। बावजूद इसके, महुआ और अन्य वनोपज एकत्र करने के लिए ग्रामीण अक्सर इस क्षेत्र में चले जाते हैं, जिससे

अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार,
जिला-शहडोल (म.प्र.)
आशीष नामदेव
मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682

खबर संक्षेप

### 1 मई से किया जाएगा ई आफिस का संचालन : कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि ई आफिस का संचालन 1 मई से होगा । उन्होने समस्त जिला प्रमुख अधिकारियों से कहा है कि समस्त विभाग ई आफिस संबंधी प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में कर लें ताकि 1 मई से सुचारू रूप से ई आफिस का संचालन किया जा सके । इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए। उन्होंने कहा है कि ई आफिस के संबंध में यदि किसी भी प्रकार की समस्यायें आती है तो जिला सूचना विज्ञान अधिकारी तथा ई दक्ष केंद्र जिला पंचायत से संपर्क किया जा सकता है ।

### तीसरी बार इस्लामगंज अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष सदर चुने गए नसीरुद्दीन चंदू



**कोतमा।** नसीरुद्दीन चंदू तीसरी बार इस्लामगंज अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष सदर चुने गए। वार्ड नं 8 एवं 9 इस्लामगंज अंजुमन निवासरत मुस्लिम भाईयों बुजुर्गों ने विगत दिनों एक बैठक कर हाजी मों आलिम हाजी मों मकसूद जाबिर शाह की सरपरस्ती एवं बैठक में मौजूद आवाम की उपस्तिथि में निर्णय लिया कि नसीरुद्दीन चंदू निस्वार्थ सेवा भाव से 8 वर्षों से इस्लाम गंज अंजुमन को बेहतर चला रहे। इसलिए नसीरुद्दीन चंदू को तीसरी बार फिर से दो वर्ष के लिए सदर अध्यक्ष चुन लिया गया है। बता दें कि नसीरुद्दीन चंदू की निःस्वार्थ सेवा भाव ने ही उन्हें एक अच्छा नेता बना दिया लगातार वर्ष 2005 से 2017 तक वार्ड नं 8 से पार्षद चुनें गए थें जिसमें नसीरुद्दीन चंदू की धर्म पत्नी नाहिद अख्तर नगर पालिका उपाध्यक्ष भी रह चुकी है। जैसे ही नसीरुद्दीन चंदू राजनीति से थोड़ा दूर हुए वैसे ही इस्लाम गंज अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष बनकर समाज सेवा में जुट गए। तीसरी बार इस्लाम गंज अंजुमन कमेटी का सदर अध्यक्ष चुने जाने पर नसीरुद्दीन चंदू को मुस्लिम भाईयों बुजुर्गों सहित सभी ने शुभकामनाएं दी हैं।

### किया गया बोरी बंधान

**कोतमा।** जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल है तो कल है की थीम पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कोतमा विकासखंड अंतर्गत सेक्टर क्रमांक चार में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जी.एस. हितकारिणी समिति कोतमा एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बैहाटोला तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के संयुक्त प्रयास से पुलिया नाल बैहाटोला में 40 बोरियों का बोरी बंधान किया गया तथा लोगों को जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बैहाटोला की सरपंच श्रीमती कंचन सिंह, नवाकुर संस्था की ओर से ओंकार सिंह, सेक्टर क्रमांक पांच की नवांकूर संस्था प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मेंटर्स मोहम्मद नजीर खान, श्रीमती निर्मला सिंह अध्यक्ष ग्राम विकास प्रश्नफुटन उमावती सिंह, जितेंद्र सिंह, वीरभान सिंह आदि उपस्थित थे।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने की एडवाइजरी जारी

# गर्मी में लू से बचने के लिए रहे सतर्क

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एस बी चौधरी ने गर्मी में लू से बचने के लिए एडवायजरी जारी की है। उन्होंने कहा है कि लू लगने पर अगर तुरंत उपचार न मिले तो मृत्यु भी हो सकती है। इसलिये पर्याप्त मात्रा में पानी अवश्य पिये । छोटे बच्चों को कपड़े से ढककर छाया वाले स्थान पर रखें। गर्मियों में पसीना अधिक आने के कारण शरीर की त्वचा पर भी असर होता है। पसीना शरीर पर आता रहता है और जमता रहता है जिसके कारण त्वचा पर कई बार खुजली कि होने लगती है और गर्मी से एलर्जी हो जाती है और लाल हो जाती है। कई बार ज्यादा खुजली करने के कारण बहुत लाल हो जाती है। शरीर की त्वचा पर घुमन सी होती है जिसके कारण इसे कांटेदार गर्मी भी कहा जाता है। गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसा तब होता है जब कोई काफी समय से काम में व्यस्त है या ज्यादा शारीरिक कार्य करता है और यदि काफी समय से पानी नहीं पीया जाए इससे गर्मी में डीहाइड्रेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। शरीर को निर्जलीकरण ; से बचने के लिए नियमित रूप से थोड़े थोड़े समय बाद पानी पीना आवश्यक है। अगर किसी का गला बार बार सूख रहा है तो ये संकेत है कि उसका शरीर में पर्याप्त पानी ; नहीं है। यदि किसी दिन बहुत ज्यादा गर्मी है उस दिन ज्यादा व्यायाम से बचें क्योंकि इससे शरीर का पानी जल्दी सूखता है। सुबह जल्दी और देर शाम जब ठंडक हो तभी व्यायाम किया जाना चाहिए। निर्जलीकरण ;ज्यादा पसीना आ जाना कमजोर या थका हुआ महसूस करना। शरीर का तापमान बढन्ना। त्वचा का रंग पीला पडन्ना या चेहरा पीला पढन्ना। मितली व उल्टी जैसा महसूस करना। बेहोशी आना। अगर घर से बाहर है और निर्जलीकरण के संकेत मिलें तो किसी छाया वाले और शांत जगह पर आराम करें। इलेक्ट्रॉल ओआरएस फलों का रस आदि पेय पदार्थों का निरंतर सेवन करते रहे। क्लॉर्बोनेटेड और कैफीन युक्त पेय से बचें । किसी भी प्रकार की अत्यावश्यक स्थिति आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुचकर समुचित उपचार लेवें। मरीज की स्थिति गंभीर महसूस होने पर हल्पलाइन 108 द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पहुचें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया डॉ0 एस0 बी0 चौधरी द्वारा बताया गया है कि भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार जिला अस्पताल में 5 बिस्तर एवं सभी सीएचसी में 2 बिस्तर गर्मी की बीमारी से संबंधित मरीजों के लिये आरक्षित किये गये हैं। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है ।जिला स्तर पर, विकासखण्ड पर कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसके नोडल मानपुर में बीएमओ डॉ0 एन पी जैसल , करकेली में बीएमओ डॉ0 व्ही एस चंदेल, पाली में बीएमओ डॉ0 निशांत सिह परिहार से संपर्क करें। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्ड में शीतलता हेतु कूलर अथवा अन्य संभव उपाय किया गया है। लू से उपचार हेतु लू मैनेजमेंट किट में सम्मिलित आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कार्नर की व्यवस्था की गई है। सभी बीपीएम/ बीसीएम/ बीईई/ सेक्टर सुपरवाइजर/ सब सेटर में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मचारी सीएचओ एएनएम आशा द्वारा संबंधित स्वास्थ्य संस्था में आने वाले समस्त मरीजों पर लू के लक्षण की सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला नोडल अधिकारी डॉ0 मुकुल तिवारी द्वारा बताया गया है कि लू. हीट स्ट्रोक शरीर की वह अवस्था है जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस 104 डिग्री फारेनहाइटद्ध के पास पहुँच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। यह स्थिति एकाएक आ सकती है या धीरे.धीरे। इस समस्या की जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बन्द कर सकती है। हीट रैशेज के लक्षणः छोटे गुलाबी या लाल रंग की त्वचा या फिर छोटे छोटे दाने निकलना। जलन, खुजली या त्वचा पर चुभन सी महसूस होना ऐसा तब होता है जब शरीर का पसीना आसानी से वाष्पित नहीं हो पाता।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण भी कराया । जनसुनवाई में हरभूषण कोल ग्राम पठारीकला ने कब्जे के आधार पर त्वरित नक्शा तरमीम कराने, अरूण कुमार लोनी ग्राम मझोखर ने गृहस्थीं का सामान, अनाज ओलावृष्टि से नष्ट होने पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, अजीत व्दिवेदी ग्राम मुडग़ुड़ी ने सुंदरलाल व्दारा प्रार्थी के व्यक्तिगत ट्रांसफार्मर को निकालने , बाधा पहुंचानें तथा गाली गालौज करने, धानू तेल ग्राम छोटी बरही ने न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदिया के आदेश का पालन करते हुए भूमि कब्जा दिलाने, धन्नू बैगा ग्राम पनवारी ने सीमांकित भूमि पर कब्जा होने, दीनदयाल जायसवाल नौरोजाबाद ने गाड़ी के भाड़ा का भुगतान कराने, बैसाखू, रंगूलाल, बबलू, बीरभान, राम गोपाल , श्रवण कुमार निवासी ग्राम कोठिया एवं कुशमहा के ग्रामीणों ने जलाश को अतिक्रमण से मुक्त कराने संबंधी आवेदन दिया । जनसुनवाई में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण कराया।

## कलेक्टर ने नरवाई जलाना किया प्रतिबंधित

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उमरिया जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। उन्होने कहा है कि खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जन धन संपत्ति प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जन्तु आदि नष्ट हो जाते है, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शनैः घट रही है और उत्पादन प्रभावित होता है। खेत में पड़ा कचरा भूसा डंठल सडन्ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, जिन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्र्सजन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वर्तमान मे गेहूँ फसल की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने समस्त हार्वेस्टर मालिकों को निर्देशित किया है कि फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। कंबाईन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रखना अनिवार्य होगा। फसलों की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाना पूर्णतरू प्रतिबंधित होगा। पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नाटिफिकेशन द्वारा नरवाई में आग लगाना दण्डनीय होगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163(2) के अंतर्गत आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

### अनाजों एवं सब्जियों से बने व्यंजनों का किया गया प्रदर्शन



**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में श्री अन्न एवं स्थानीय स्तर पर पोषक तत्वों से भरपूर अनाजों एवं सबज्यिों से बने व्यंजनों का प्रदर्शन, चित्रकारी, रंगोली प्रतियोगिता, महिला स्व सहायता समूहों, राष्ट्रीय सेवक एवं राष्ट्री य यूथ केन्द्रों के साथ एनीमिया संबंधित गतिविधियां, आंगनबाड़ी केंद्र एवं शालाओं में बच्चों व्दारा योगाभ्यास का आयोजन, उच्च खतरे वाली गर्भवती महिलाओं की पोषण स्वास्थ्य की सतत निगरानी हेतु गृह भेंट, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को नकारे एवं आंगनबाड़ी केंद्र के आस पास के प्लास्टिक को एकत्र कर साफ सफाई संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वा. एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण शहरी विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया ।

## पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कर पृथ्वी को हरा भरा रखने का लिया संकल्प

### प्राचीन तालाब तट में पांच पौधे रोपण कर पृथ्वी संरक्षण व जल संरक्षण का दिया संदेश



**उमरिया।** पृथ्वी का श्रृंगार हैं पेड़, पौधे,जल, फूल, झरने और हवा। इन्हें बचाने और धरती को हरा-भरा रखकर पृथ्वी पर जीवन व जल को सुरक्षित रखने के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। जल गंगा संवर्धन अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य युवा टीम द्वारा प्राचीन तालाब पाली तट पर पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी की उपस्थिति में आंवला एवं नीम के पौधे लगाकर पौधा रोपण कर पृथ्वी को हरा भरा बनाने व जल संरक्षण का संकल्प लिया। थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने कहा कि 22 अप्रैल 1970 से पर्यावरण, पृथ्वी और जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें। क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक साधनों की जरूरत, एक पेड़, एक जानवर या फिर एक इंसान की होती है, वहीं पृथ्वी वह सब हमें प्रदान करती है। हिमांशु तिवारी ने पौधे ही जीवन को सुरक्षित कर सकते हैं।पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को जीवन में एक-एक पौधे का रोपण जरूर करना चाहिए। धरती को स्वस्थ रखने के लिए पौधों का महत्वपूर्ण भूमिका है।पृथ्वी के संरक्षण के लिए सबसे जरूरी पौधारोपण है। पृथ्वी का हम जितना दोहन कर रहे हैं, उसी के दुष्परिणाम हम आज झेल रहे हैं। पौधारोपण के दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, आरक्षक रेवा शंकर,पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, व सभी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस मनाया गया



**उमरिया।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आर.व्ही.पी.एस. महाविद्यालय उमरिया में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने विश्वक रचनात्मककता एवं नवाचार पर अपने विचार व्यक्तत किए । डॉ. पी.डी. रावत ने रचनात्मक स्वरूप को बताते हुए छात्र-छात्राओं को नवाचार पर बढ़चढक़र भाग लेने के लिए प्रेरित किया। राजेन्द्र पटेल, अर्थशास्त्र विभाग द्वारा रचनात्मक एवं नवाचार 2025 की थीम बाहर निकले और नवाचार करें, की जानकारी प्रदान की गई एवं डॉ. अरविंद शाह बरकड़े, कार्यक्रम अधिकारी ने नवप्रवर्तन और छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं का आंकलन करते हुए अपने-अपने योग्यता, कौशल के हिसाब से कोई भी रचनात्मकता, कला, साहित्य और संगीत अन्य क्षेत्रों में अपने भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का मंच तैयार करनें की जानकारी दी गई । कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विमला मरावी, के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेन्द्र प्रसाद पटेल अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. देवेश कुमार अहिरवार, डॉ. रमेश प्रसाद कोल एवं समस्त अध्ययनरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का आभार डॉ. देवेश कुमार अहिरवार के द्वारा किया गया।



## वसुंधरा दिवस पर महाविद्यालय में नारों से गूंजा पर्यावरण के प्रति समर्पण का स्वर

**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय, कोतमा में विश्व वसुंधरा दिवस के अवसर पर ईको क्लब द्वारा विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह के अनुरूप कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्वबोध विकसित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में पृथ्वी पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे विषयों पर प्रभावशाली नारों की प्रस्तुति दी। प्रस्तुत नारों में धरती बचाओ, जीवन सजाओ, प्रकृति से प्रेम करो, भविष्य से वादा करो जैसे संदेशों ने सभी को विशेष रूप से प्रभावित किया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. आकांक्षा पाण्डेय के प्रेरक उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और सतत विकास की दिशा में जागरूक नागरिक की भूमिका निभाएं। आयोजन को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य डॉ. आकांक्षा पाण्डेय एवं ईको क्लब के सक्रिय सदस्य डॉ. प्रवीण कुमार यादव, डॉ. राज कुमार रैदास एवं सुश्री कृति मरावी की प्रमुख भूमिका रही। साथ ही डॉ. सुरेश कुमार चौधरी, डॉ. चेतना शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ समस्त स्टाफ ने भी पृथ्वी के प्रति अपने दायित्वों को निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सभी ने एक सफल, प्रेरणास्पद और आवश्यक प्रयास के रूप में सराहा।

## एसईसीएल का सीएसआर या भ्रष्टाचार का रावण?

### RTI की हत्या और जनता के हक पर संगठित डाका!

**जमुना/बदरा।** कोयले की काली चमक में डूबे SECL के अफसर अब जनसेवा के नाम पर जनधन की लूट का महा-अध्याय लिख रहे हैं CSR यानी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी को इन अफसरों ने "कॉर्पोरेट स्वार्थ राक्षसीकरण" में तब्दील कर दिया है। मोबाइल मेडिकल यूनिट (एम्बुलेंस) के नाम पर जो सेवा जनता को मिलनी थी वो अब कुछ खास जेबों में भर रही है और जब इस पर सवाल पूछे जाते हैं तो SECL के दफ्तरों में सन्नाटा और अहंकार एक साथ गूंजता है। MP11 TR BO 2432 यह नंबर अब किसी एम्बुलेंस का नहीं, बल्कि घोटाले का कोड बन चुका है एक ऐसी सेवा जो ज़मीन पर दिखाई नहीं देती, लेकिन सरकारी रजिस्टरों में चीते जैसी फुर्ती से दौड़ती नज़र आती है। RTI के तहत मांगी गई जानकारी में न कोई मरीज न दवा न डॉक्टर न रूट मैप तो क्या वाकई कोई सेवा दी जा रही है या सिर्फ पेपरों पर घपला गढ़ा जा रहा है? SECL के प्रथम सूचना अधिकारी अभय श्रीवास्तव जिनकी नियुक्ति RTI के जवाब देने के लिए हुई थी लेकिन वह अपनी सेवा एरिया वर्कशॉप में दे रहे हैं वो खुद कुर्सी की गुमशुदगी में लिपटे अधिकारी हैं जब देखो, वो 'ड्यूटी से बाहर', जब मिलो तो 'जवाब से बाहर'। RTI के प्रति उनका व्यवहार देखकर लगता है जैसे ये कानून कोयला माफिया के कब्ज़े वाला कागज़ मात्र हो क्या उन्होंने कभी सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पढ़ा भी है? या फिर उन्हें यही सिखाया गया है कि ₹जो ना दिखे, वही सही? केंद्रीय सूचना आयोग ने साफ कहा है कि CSR जैसी परियोजनाओं में लगे ठेकेदार खर्च भुगतान व काम की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए लेकिन SECL के अफसर RTI एक्ट को गुप्त सेवा कानून मानकर चलते हैं। ठेकेदार का नाम छिपाना क्या भ्रष्टाचार का साफ़ इशारा नहीं है? कौन है वो, जो सत्ता की छाया में करोड़ों का खेल खेल रहा है? असल सवाल है जब सेवा वाकई हो रही हो तो छुपाने की क्या ज़रूरत? और अगर सेवा नहीं हो रही, तो किसकी जेबें गर्म की जा रही हैं? अगर एम्बुलेंस चल रही होती तो उसके ड्राइवर का नाम होता दवाओं की लिस्ट होती मरीजों की संख्या होती इलाके की रिपोर्ट होती लेकिन यहां तो सेवा नहीं सिर्फ साजिश का संचालन हो रहा है। यह पूरा प्रकरण सिर्फ एक सरकारी लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार का 'ब्लूप्रिंट' है RTI की चिता जलाना सिर्फ एक नागरिक के अधिकार का हनन नहीं यह लोकतंत्र के मुंह पर कालिख पोतने जैसा है। क्या भारत अब उस मोड़ पर आ गया है जहां जनता की आवाज़ सिर्फ तभी सुनी जाती है जब वह चिल्ला-चिल्लाकर कहे, "हमें जवाब चाहिए! SECL को यह समझना होगा कि वो किसी प्राइवेट खानदानी साम्राज्य की मालिक नहीं बल्कि जनता के पैसों से चल रही एक जवाबदेह संस्था है और जब संस्था जवाबदेही से भागती है तो जनता का गुस्सा सड़कों तक आता है और खबरें अखबारों से कोर्ट तक जाती हैं। अब ये खबर सिर्फ खबर नहीं जनता का आरोपपत्र है SECL के अफसरों की चुप्पी अब खुद एक गवाही बन चुकी है और RTI की लाश पर जवाबदेही की अग्निपरीक्षा शुरू हो चुकी है। अब जवाब देना ही होगा नहीं तो अगली RTI अदालत की होगी और अगली रिपोर्ट चार्जशीट।



## खबर संक्षेप

### खाटी बिलासपुर, राजेन्द्रग्राम तथा दमेहड़ी फीडर में आज व कल विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरुद्ध

**अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि उपसंभसाग राजेन्द्रग्राम अंतर्गत वितरण केन्द्र राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक तथा बेनीबारी में आने वाले समस्त 11 केव्ही लाईन एवं ट्रांसफार्मरों का प्री मानसून मेंटिनेंस किए जाने हेतु शट डाउन की आवश्यकता है। उक्त कार्य के सम्पादन हेतु 23 व 24 अप्रैल को 11 के.व्ही. खाटी बिलासपुर फीडर, 11 के.व्ही. राजेन्द्रग्राम फीडर तथा 11 के.व्ही. दमेहड़ी फीडर से जुड़े समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के यहां प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### 25 अप्रेल से स्कूल बंद करने की मांग : आप

**कटनी।** जिले में संचालित सभी सरकारी एवं गैर सराकरी एवं केन्द्रीय विद्यालय मान्यरत शिक्षण संस्थाओं को इस भीषण गर्मी में 44 डिग्री तापमान में 25 अप्रेल से अर्थात 05 दिन पूर्व स्कूल बंद करने की मांग कटनी आम आदमी पार्टी ने की है। इस भीषण गर्मी में सुबह 10-11 बजे से ही 44 डिग्री तापमान हो गया है जिससे छोटे-छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बच्चों को उल्टी होना सिर दर्द के साथ गंभीर बीमारी होने का खतरा बना हुआ है। इसको देखते हुये सभी स्कूलों 25 अप्रेल से बंद करने की मांग जिला कलेक्टर से की है।

### डिप्रेशन में था प्रौढ़ इसलिए की आत्महत्या

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगवां क्षेत्र में ओवरब्रिज से नीचे कूदकर कृष्ण धाम कॉलोनी निवासी अतुल सिंघानी 50 ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिसिया जांच में यह बात सामने आई कि कि डिप्रेशन में होने के कारण आत्मघाती कदम उठाए हैं। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि परिजनों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि पत्नी 10 दिन पहले बच्चों को लेकर छोड़कर चली गई थी। जिससे वह परेशान रहता था। मृतक के एक बेटा व एक बेटी हैं तो वह मां के साथ रह रहे हैं। पत्नी बिल्कुल भी मतलब नहीं रख रही थी। कुछ दिनों से घर पर ही मां और भाई के साथ घर पर रहता था। कई दिनों से डिप्रेशन में रहता था। कामधाम भी नहीं कर रहा था। शनिवार को अचानक उसने फ्लाइओवर से कूदकर मौत को गले लगा लिया।

### बड़वारा थाना एवं खितौली चौकी के प्रभारी बदले

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा बड़वारा थाने की कमान उप निरीक्षक केके पटेल को सौंप दी है। बड़वारा थाने में पदस्थ उप निरीक्षक किशोर कुमार द्विवेदी अब केके पटेल की जगह खितौली चौकी की कमान संभालेंगे। आदेश जारी होने के बाद दोनों ही उप निरीक्षकों ने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक श्री रंजन के द्वारा रीठी थाने में पदस्थ उप निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान को विजयराघवगढ़ स्थानांतरित कर दिया गया है। विजयराघवगढ़ में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक जय सिंह ठाकुर को एनकेजे स्थानांतरित किया गया है।

### शिकायतों के निराकरण में नगर निगम टॉप 3 जिलों में शामिल

**कटनी।** सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले मे नगर निगम टॉप 3 अग्रणी जिलों में शामिल है। शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण मे नगर निगम कटनी ने 93.96 वेटेज स्कोर के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है। निगमायुक्त श्री दुबे ने इस उपलब्ध्यि हेतु निगम के सभी संबंधित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार लगन तथा मेहनत से कार्य करने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा प्रत्येक माह सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकारण के आधार पर ग्रेडिंग जारी की जाती है।

## नगर पालिका की सुस्ती पर सवाल, भीषण गर्मी में हाल बेहाल, कंठ सूखे पेयजल की दरकार

# गर्मी चरम पर, लेकिन प्याऊ अब तक नदारद





**42 डिग्री तापमान में पानी के लिए भटक रहे लोग, सड़कों पर मटका-बिक्री तेज, नगर पालिका की निष्क्रियता पर उठे सवाल**

अप्रैल महीने के अंत में ही गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और सुबह से ही धूप की तपिश लोगों को झुलसा रही है। ऐसी भीषण गर्मी में जहां नगर पालिका द्वारा हर साल प्याऊ की व्यवस्था की जाती थी, इस बार शहर में कहीं भी एक भी प्याऊ नहीं खोली गई है।

धनपुरी।

शहर के मेन रोड, इमामबाड़ा स्टैंड, आजाद चौक, नगरपालिका के पास, 1नं काली चौरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पास, माइकल चौक के पास पानी प्याऊ खोला जाता है लेकिन अभी तक सार्वजनिक प्याऊ कहीं नहीं देखने को नहीं मिला रहा है। इमाम बाड़ा स्थलों पर मटकों की दुकानों की बहार है। मटका बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि मिट्टी और निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़ने से इस बार मटका 100,150 और 200 रुपये में बिक रहा है, जबकि पिछले साल यह 100 से 150 रुपये में मिलता था। बड़े घड़ों के दाम तो और भी ज्यादा हो गए हैं।बढ़ती गर्मी में 'देसी फ्रिज' बना सहारातेज गर्मी के चलते शहर के लोग एक बार फिर 'देसी फ्रिज' यानी मटका और सुराही की ओर लौटते दिख रहे हैं। चूंकि हर वर्ग के लिए फ्रिज खरीदना संभव नहीं है, इसलिए ठंडा पानी पाने के लिए मटका ही एकमात्र सहारा बना हुआ है। यही वजह है कि मटकों की बिक्री में अचानक तेजी आई है।पानी की व्यवस्था ठप, नगर पालिका पर उठे सवालशहर में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था ना होने से लोग पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। एसईसीएल द्वारा पूर्व में स्थापित वाटर एटीएम भी संचालित नहीं हो रहे। लोग तपती धूप में बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए यदि समय रहते व्यवस्था नहीं की गई तो हालात और भी बदतर हो सकते हैं।प्याऊ के बिना मवेशियों की भी जान पर बन आईशहर में गर्मी के कारण इंसानों के साथ मवेशियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्याऊ नहीं होने के कारण मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही। जानकारों का कहना है कि नगर पालिका की यह लापरवाही गंभीर परिणाम दे सकती है।हर साल लगती थी प्याऊ, इस बार क्यों नहीं?शहरवासियों का कहना है कि हर साल तेज गर्मी शुरू होते ही नगर के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ लगाई जाती थी, जिससे आमजन को राहत मिलती थी। लेकिन इस बार अब तक नगर में एक भी सार्वजनिक प्याऊ नहीं खुली है। नागरिकों ने नगर प्रशासन से तत्काल प्याऊ की सुविधा बहाल करने की मांग की है।

## एसबीआई ओपीएम अमलाई शाखा की बैंकिंग सेवाएं चरमराई, न एटीएम से पैसा निकल रहा, न ग्रीन चैनल से हो रही लेन-देन

अमलाई।

**ओपीएम अमलाई क्षेत्र के नागरिकों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की शाखा में इन दिनों गंभीर असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बैंक परिसर में स्थित एटीएम मशीन हर समय बंद रहती है और ग्राहकों को नकदी निकासी में भारी दिक्कत हो रही है। इसके साथ ही बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली 'ग्रीन चैनल' सेवा भी ठप है, जिससे खाता धारकों की परेशानी और बढ़ गई है।**

स्थानीय निवासियों का कहना है कि एसबीआई की यह शाखा क्षेत्र की प्रमुख बैंकिंग सुविधा है, लेकिन एटीएम से लगातार नकदी न निकल पाने की समस्या आम हो गई है। ग्राहकों को निजी बैंकों के एटीएम पर निर्भर रहना पड़ता है, जहाँ अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए यह स्थिति और भी अधिक कष्टदायक है, क्योंकि उन्हें पैसे के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। और बैंक में भी कतार में लगना पड़ता है।

### ग्रीन चैनल सेवा भी ठप, वरिष्ठ नागरिकों को भारी दिक्कत

बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली 'ग्रीन चैनल' सेवा, जिसमें ग्राहक बिना फार्म भरे एटीएम कार्ड से अपना पैसा जमा या निकाल सकते हैं, वह भी कई माह से बंद कर दिया गया है। इससे रोज़मर्रा के बैंकिंग कामों के लिए ग्राहकों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। वरिष्ठ नागरिकों और विकलांगों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से असुविधाजनक है। स्थानीय निवासी रमेश कुमार (55) ने बताया, मैं हर महीने पेंशन निकालने इसी शाखा में आता हूँ, लेकिन पिछले कुछ समय से न तो एटीएम काम कर रहा है और न ही ग्रीन चैनल से पैसा निकलता है। इतनी भीड़ में लाइन में लगना मुश्किल हो गया है।

**प्रबंधन से नहीं मिल पा रहा संतोषजनक जवाब**

जब इस समस्या को लेकर बैंक शाखा से संपर्क किया जाता है, तो प्रबंधन की ओर से बताया जाता है कि एटीएम मशीन में तकनीकी खराबी है और ग्रीन चैनल सेवा के लिए सर्वर की समस्या बनी हुई है। हालांकि, इन सेवाओं को कब तक पुनः चालू किया जाएगा, इसकी कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं बताई जाती है साथ ही क्षेत्र में लगे दो अन्य जगहों पर एटीएम मशीनों को बंद कर दिया गया है जिसमे ओपीएम का भवतारिणी मंदिर के पास कोतमा रोड सोडा फैक्ट्री बरगवां में लगाये गए एटीएम मशीनों को बंद कर दिया गया है अब मात्र एक एटीएम मशीन ही पूरे क्षेत्र के बीच है वह भी हमेशा खराब स्थिति में रहता है।

### नागरिकों की मांग— शीघ्र समाधान हो

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और स्थानीय समाजसेवियों ने बैंक प्रबंधन व उच्चाधिकारियों से मांग की है कि ओपीएम अमलाई शाखा की तकनीकी खामियों को शीघ्र दूर किया जाए। साथ ही, एटीएम में नियमित नकदी आपूर्ति तथा ग्रीन चैनल सेवा को शीघ्र चालू किया जाए, ताकि आम जनता को बुनियादी बैंकिंग सेवाओं से वंचित न रहना पड़े।

# नोटिस मिलने के बाद भी नहीं सुधर रही शैक्षणिक व्यवस्था




### जूनियर आदिवासी छात्रावास के छात्रों के भविष्य के साथ शिक्षक कर रहे खिलवाड़, समय से नहीं पहुंचते विधालय

बुढार।

जूनियर अंग्रेजी प्रथामिक बालक छात्रावास में पिछले कई महीनों से शिक्षकों की मनमानी का दौर चल रहा है जहां कहने को तो तीन शिक्षक पदस्थ हैं लेकिन समय से कभी भी शिक्षक विधालय नहीं पहुंचते इस बात की पहले भी छात्रों के अभिभावक के द्वारा लिखित शिकायत विकास खंड शिक्षा अधिकारी से की गई थी।

अंग्रेजी माध्यम पाठशाला में कुल 50 आदिवासी छात्रों की सीट बाले छात्रावास में छात्रावासी छात्र अध्धयन करते हैं और वहां पर शासन ने उच्च शिक्षकों को तैनात किया है लेकिन शिक्षक अपने कर्तव्यों का पालन सही ढंग से न करते छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जिससे छात्रों की पढ़ाई सही ढंग से नहीं हो पा रही है मौके पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी भी निरीक्षण कर चुके हैं अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था लेकिन अपनी आदतों में सुधार नहीं कर पाये शिक्षक कोई विधायक तो कोई मंत्री से शिफारिश करा कर अधिकारियों पर दबाव बना कर मनमानी पर अमादा है।

### इन शिक्षकों की है नियुक्ति

अंग्रेजी प्रथामिक बालक आश्रम में उच्च वर्ग शिक्षक संतोष तिवारी, अशोक मिश्रा,प्रथामिक शिक्षक प्रदीप गुर्दमान, के द्वारा लगातार किसी न किसी बहाने से विधालय से नदारद रहते हैं।

### इनका कहना

अंग्रेजी माध्यम जूनियर बालक छात्रावास में पढ़ाई प्रभावित हो रही है मेरे द्वारा नोटिस भी दी गई है लेकिन तीनों शिक्षक अपने आदतों में सुधार नहीं ला रहे हैं,इनकी शिकायत में अपने उच्च अधिकारियों को प्रेषित करूंगा।

**दिलीप निगम**
**विकास खंड शिक्षा अधिकारी बुढार**

## शा, उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय सी.एम.राइज बुढार के 15 छात्र प्रदेश में राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट चयन परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किये, होनहार छात्रों को मेडल से किया गया सम्मानित




बुढार।

शासकीय उत्कृष्ट उ. मा. विद्यालय सी.एम.राइज बुढार में कक्षा - 8वीं के पन्द्रह छात्र - छात्राओं ने राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट चयन परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर प्रदेश में अपने विद्यालय को प्रथम स्थान हासिल कराया ऐसे होनहर छात्रों का गरिमामयी कार्यक्रम के मध्य मेडल पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर होनहार छात्रों का स्वागत किया गया।

सी.एम.राइज विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेवा रानी पांडेय के मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ पत्रकार मोहन नामदेव की अध्यक्षता व वरिष्ठ व्याख्याता - विजय कुमार प्यासी प्रधानाध्यापक एस.के. सिंह के विशिष्ट अतिथ्य में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यातिथ्य व अतिथियों ने विद्या दायिनी मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्जित कर व दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के शिक्षक - महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने सुदूर ग्रामों की उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय बुढार में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं जिन्होंने एन.एम.एम.एस. परीक्षा में चयनित होकर प्रदेश में अपना नाम रोशन करने वाले छात्र - छात्राओं को शुभकामना देते हुये कहाकि - नवीन शिक्षण सत्र से ही छात्रों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही मेरिट चयन परीक्षा हेतु आवश्यक मार्गदर्शन तथा तैयारियां करवायी गयी, जिसमें 15 छात्रों ने प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित कर अपना तथा अपने विद्यालय को गौरवान्वित कराया जो स्वागत योग्य व प्रशंसनीय है।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सी.एम. राईज बुढार माध्यमिक विभाग के छात्रा - अनोखी मेहरा, सुमन वास्पे, दीक्षा कुशवाहा, चाहत सिंह, हिमांशु देवी, गौरी बैगा, खुशी सिंह, अर्चना कोल, दीपिका प्रजापति, अंश कुरमेश्वर, ईश्वरदीन पाव, अंश लोधी, चंदन कुमार चौधरी, छत्रपाल सिंह, अनुज लोधी छात्र ने यह सफलता हासिल की, और यह सफलता जिला परियोजना समन्वयक अमरनाथ सिंह एवं बी.आर.सी. सीताराम दुबे के मार्गदर्शन में अर्जित हो सकी।

सी.एम. राइज विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेवा रानी पांडेय ने छात्र - छात्राओं को राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट चयन परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुये कहाकि - विद्यालय शासन की मन्शानुरूप शिक्षा का भरपूर लाभ छात्रों को अर्जित करवाने विद्यालय निरंतर अग्रसर है और होनर छात्र शिक्षकों से शैक्षणिक लाभ अर्जित कर अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर है और प्रदेश में अपना तथा अपने विद्यालय का नाम मेरिट चयन परीक्षा में गौरवान्वित कराया है जो उपलब्धि पूर्ण है। पत्रकार मोहन नामदेव कहाकि - मेरिट चयन परीक्षा में सी.एम. राइज विद्यालय माध्यमिक विभाग के छात्रों ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर गौरव हासिल किया है और अपना तथा अपने विद्यालय को गौरवान्वित कराया है जो स्वागत योग व प्रशंसनीय है।

वरिष्ठ व्याख्याता - विजय कुमार पयासी तथा प्रधानाध्यापक - एस.के. सिंह ने मेरिट चयन परीक्षा में विद्यालय एवं अपना नाम रोशन करने वाले छात्रों के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

कार्यक्रम अवसर पर- शिक्षक - धनेंद्र नामदेव, अमित कुमार शुक्ला, रानी शर्मा, कांता शर्मा, तथा छात्रों के अभिभावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### सीएम हेल्पलाइन के दुरूपयोग का मामला आया सामने

**ब्यौहारी**-जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत साखी में मातादीन तिवारी के घर के पास से हाईस्कूल तक पीसीसी सड़क ग्राम पंचायत द्वारा वनाई जा रही थी जिसमें मोहल्ले के निवासी कृष्ण कुमार सोनी द्वारा अनावश्यक दबाव बनाने के लिए घटिया निर्माण की 5 सीएम हेल्पलाइन स्वयं एवं अपने घर के लोगों से करवा दी और फोन लगाकर सरपंच हीरालाल साकेत को धमकाया भी कृष्ण कुमार सोनी द्वारा अपने मोबाइल नं 9669904327 से एक ही बात की 3 शिकायत जिनका क्रमांक,31318696,31356576,31484858 , है की गई जि जिन अपने पुत्र अर्पित सोनी के मोबाइल नं 7693095863 से एक शिकायत 31331722 और अपने भाई कमलेश सोनी के मोबाइल 9893553853 से एक शिकायत 31560703 कुल मिलाकर एक ही घर 5 शिकायतें घटिया निर्माण की सरपंच पर दबाव बनाने के लिए की गई जिनकी जांच में शिकायतें फर्जी पाई गईं एवं सरपंच पर अनैतिक दबाव बनाने का प्रयास भी किया गया ईस तरह की अनावश्यक शिकायतों से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं जबकि सीएम हेल्पलाइन जनहित कार्यों के लिए बनाई गई है लेकिन जब निजी स्वार्थ की पूर्ति नहीं होती तब यह लोग शिकायत करने लगते हैं ग्राम पंचायत के सरपंच हीरालाल साकेत द्वारा शिकायतकर्ताओं के खिलाफ कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है।



### जनसुनवाई में जनपद सीईओ ने 57 आवेदनों मेकी सुनवाई

**अनूपपुर ।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने 57 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.के. सोनी, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगणों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में ग्राम पड़रीखार तहसील पुष्पराजगढ़ की श्रीमती जानकी बाई ने वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलाए जाने, ग्राम देवहरा तहसील अनूपपुर के चंद्रभूषण रजभर ने जाति प्रमाण पत्र बनवाए जाने, ग्राम पड़री तहसील पुष्पराजगढ़ के माधो यादव ने राष्ट्रीय परिवार सहायता निधि के तहत आर्थिक सहायता दिलाए जाने, ग्राम पंगना तहसील जैतहरी के सुखदेवना ने सहकारी समिति पटनाकला में विक्रय किए गए धान की राशि दिलाए जाने, वार्ड नं. 14 अनूपपुर के दयाराम विश्वकर्मा ने भूमि का नक्शा तरमीम कराए जाने, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत सिवनी निवासी हीरालाल राठौर ने ग्राम पंचायत सिवनी के डोंगरीटोला में हैण्डपम्प लगवाए जाने, ग्राम भाद तहसील कोतमा के अशोक कुमार केवट ने ग्राम पंचायत भाद में सरपंच व सचिव द्वारा कराए गए कार्य की राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

## बालक-बालिकाओं को विभिन्न विधाओं का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सतगुरु सांई ईश्वरशाह साहिब की प्रेरणा से बालसंस्कार की कक्षाएं संचालित है जहाँ पर 3 वर्ष से 15 वर्ष के बालक-बालिकाओं को व्यवहारिक ज्ञान, बौद्धिक ज्ञान, सामान्यज्ञान, अनुशासन, शिष्टाचार, कम्प्यूटर, प्रेरक प्रसंगों, महापुरुषों के जीवन चरित्र, सफल लोगों के जीवन सूत्रों निज अनुभवों की शिक्षा साथ साथ बागवानी, वृक्षारोपण, साफ सफाई स्वच्छता और खेलकूद व्यायाम , योगाभ्यास, नाटक , सिमरन- ध्यान, सेवा, भजनगायन , नृत्य, एकांकी, हैंडक्राफ्ट, सिलाई कढ़ाई बुनाई आदि की शिक्षा के साथ एकांकी, कहानियों के माध्यम से एकता भाईचारे का पाठ सिखाया जाता है।

20 अप्रैल को हरे नारायण भवन में ईश्वरशाह साहिब के द्वारा "हरे माधव बालक ग्रीष्म शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमे बच्चो के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, स्केचिंग, फायरलेस कुकिंग, प्लैटिंग, रंगोली, गायन, संगीत वाद्ययंत्र का वादन-गायन, हरेमाधव भजन योगा द्वारा नृत्यव्यायाम, चैस, फोनिक्स, क्विलिंग, वैदिक मैथ्स, आर्ट क्राप्ट्स, स्कैचिंग सेल्फ ग्रुमिंग एवं स्पोकन इंग्लिश, हैड एम्ब्राइडरी, अबैक्स & फानिक्स, राईटिंग स्किल्स, वैदिक गणित, इत्यादि अनुभवि प्रक्षिशित सेवादारों द्वारा बच्चो को बुनियादी प्रशिक्षण प्रतिदिन दिया जा रहा है। आज मानवता भागदौड़ भरी अंधी संसारी दौड़ में भटक रही है मानव आधुनिकता के नाम पर विकारों में उलझ रहे जीवन मूल्यों को भुला रहे है।

## खबर संक्षेप

### विद्युत चोरी का आरोपी पहुंचा जेल

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर बनाम रामजनक भरिया में अभियुक्त रामजनक भरिया पिता सुखराम भरिया निवासी ग्राम निगवानी थाना कोतमा जिला अनूपपुर को मंगलवार को कोतमा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर शाम 4 बजे माननीय नरेंद्र पटेल विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम के समक्ष पेश किया। जहां अभियुक्त के विरुद्ध धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत 4284 रुपए की विद्युत चोरी का प्रकरण दर्ज है। अभियुक्त को आगामी पेशी 30.04.2025 तक के लिए जेल वारंट बनाकर जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया है।

### गाँव-गाँव शहर-शहर हो रहा जल संरचनाओं को सहेजने का कार्य



**अनूपपुर।** राज्य सरकार की पहल पर शुरु हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भूमि जल व वर्षा जल को सहेजने के लिए पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। 30 मार्च से निरन्तर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जनसहभागिता से जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य शुरु हुआ है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना से तालाब, बावड़ी, स्टॉप डेम की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। साथ ही जल संग्रहण हेतु नवीन तालाबों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत बरतराई तथा खोड़री नंबर 01 में नवीन खेत तालाब का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आगामी समय में वर्षा जल का संग्रहण कर भूमिगत जल स्तर को बढ़ाया जा सके।

### हृदय रोग जांच निःशुल्क शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में कल

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा एस.ई.सी.एल. के प्रोजेक्ट ''धड़कन'' के संयुक्त तत्वाधान में हृदय रोग जांच निःशुल्क शिविर का आयोजन 24 अप्रैल को जिला चिकित्सालय अनूपपुर में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। शिविर में 0 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की विशेष हृदय रोग जांच की जाएगी और चयनित बच्चों का मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना एवं धड़कन प्रोजेक्ट के तहत निःशुल्क उपचार किया जाएगा। इस हेतु बच्चों के अभिभावकों को बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, बच्चे एवं माता-पिता का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, राशन कार्ड की कॉपी, निवास एवं आय प्रमाण पत्र, 3 प्रति पासपोर्ट साइज फोटो, पूर्व में कराए गए जांच एवं उपचार संबंधी दस्तावेज साथ लाना होगा।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने मोंहदी में रुकवाया बाल-विवाह



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा विकासखंड पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम मोंहदी में परिवारजनों को समझाईश देकर बाल-विवाह को रोका गया। ग्राम मोंहदी में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते तथा उनकी टीम द्वारा गांव में उपस्थित होकर वर एवं वधु पक्ष के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी गई। उन्होंने परिवारजनों के साथ ही ग्रामीणजनों को भी बाल विवाह के दुष्परिणाम और कम उम्र में बालक-बालिका का विवाह करने पर कानूनी कार्यवाहियों की जानकारी दी, जिससे वर एवं वधु पक्ष के परिजनों ने बालिका की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात ही विवाह करने की बात कही।

## बाजार क्षेत्र में लग रही 2 दर्जन से ज्यादा दुकानें

# खुले में बिक रहा मांस, बेअसर हुआ मुख्यमंत्री का निर्देश

**धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर और खुले मांस विक्रय पर रोक की मांग**

**नागरिक संरक्षण समिति ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

अनूपपुर/कोतमा।

जिला मुख्यालय के साथ-साथ नगर क्षेत्र में भी मांस बिक्री को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय बेअसर साबित हो रहा है। नगर पालिका परिषद अनूपपुर अंतर्गत सब्जी बाजार में खुले में मांस की दुकानों के सामने लगाए गए पर्दा अब दिखावा तक सीमित होकर रह गया है, वहीं कोतमा नगर के रेलवे लाइन किनारे से लेकर बनिया टोला तक साथ ही विभिन्न वार्डों में बेधड़क मांस की दुकानें संचालित हो रही हैं जिसको लेकर नपा एवं स्थानीय प्रशासन पूरी तरह बेसुध नजर आ रहा है। आवागमन के दौरान सड़क से ही मांस की दुकान वीभत्स तरीके से नजर आना आम बात है। नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री के प्रथम आदेश से उम्मीद थी कि सड़क की दुकानों पर से मांस का दिखना बंद हो जाएगा पर निर्देश का पालन करवाने में नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने पूरी तरह बेफिक्र है।





### मीट मार्केट पर कब्जा

कोतमा नगर में मांस की दुकानो के संचालन के लिए वार्ड क्रमांक 11 कॉलेज रोड पर 60 लाख रुपए की लागत से फिश मार्केट का निर्माण करवाया गया है लेकिन वहां मांस की दुकानों का संचालन नहीं कराया जाता जिसके कारण शासन के लाखों रुपए से निर्मित मीट मार्केट में असामाजिक तत्वों ने कब्जा करते हुए अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

### स्कूल की पास लग रही दुकाने

नगर पालिका क्षेत्र कोतमा में रेलवे कॉलोनी के पास 2 दर्जन से ज्यादा लग रही मांस की दुकानों के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल कॉलेज की छात्र-छात्राओं को होता है वहीं दूसरी ओर बनिया टोला से बाजार मंदिर आने वाली महिलाएं को सुबह से ही मांस की दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। नागरिकों द्वारा जिला प्रशासन से खुले में हो रही मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है।

### नागरिक संरक्षण समिति ने सौंपा ज्ञापन

धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) के अंधाधुंध उपयोग और सार्वजनिक स्थलों पर खुले में मांस विक्रय के विरुद्ध नागरिक संरक्षण समिति, अनूपपुर ने आज एक शांतिपूर्ण रैली के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। यह आयोजन हनुमान मंदिर, कलेक्टर बंगले के पास से शुरू हुआ, जहाँ समिति के सभी सदस्य पंक्तिबद्ध होकर एकत्र हुए। कार्यक्रम के दौरान द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया, जिसमें यह मांग की गई कि धार्मिक स्थलों पर ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किया जाए एवं खुले में मांस विक्रय पर तत्काल रोक लगाई जाए। ज्ञापन में यह उल्लेख किया गया कि वर्तमान सरकार द्वारा 13 दिसंबर 2023 को ऐसे निर्देश पारित किए गए थे, जिनका पालन अब तक प्रभावी रूप से नहीं हो रहा है। समिति ने चेताया कि इस प्रकार की लापरवाही सामाजिक समरसता एवं धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकती है। कार्यक्रम पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। समिति ने प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र और ठोस कार्रवाई की मांग की है।

## शिव मारुति युवा संगठन ने 'हर घर नाद' मुहिम का किया शंखनाद

### संगठन बुझायेगा जानवरों पशु पक्षियों की प्यास

**अनूपपुर।** पूर्व वर्ष की भांति शिव मारुति युवा संगठन की एक पहल ,जिसके चलते अब जानवरों, पशु-पक्षियों को प्यासा नहीं रहना पड़ेगा। परोपकार का अर्थ ही भलाई करना है जिसे कर दिखाया है शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर अनूपपुर ने। मनुष्यों को पानी पिलाने के लिए तमाम सामाजिक संगठन एवं निकाय आगे आते हैं। लेकिन जानवरों, पशु- पक्षियों के लिए कोई कोई ही आगे आ पाता है। हर घर नाद मुहिम अब इस तरह से रंग ला रही है जिसकी उम्मीद किसी ने सपने में भी नहीं कि थी। सर्वप्रथम बीते वर्ष से शिव मारुति युवा संगठन ने एक छोटी सी पहल 80+नाद रखवा कर इस भीषण गर्मी में शुरू की थी। इस वर्ष भी अधिक से अधिक नाद रखाने का लक्ष्य जिससे कोई भी मूक जीव प्यासा न रहे। वही युवाओं का कहना हैं कि हर घर नाद एक पहल है जिससे जानवरों और पशु-पक्षियों को पानी की व्यवस्था हो सके। इसके लिए सबसे पहले शुरुआत में शिव मारुति युवा संगठन ने लोगों से अपील की वो अपने घर में नाद रखें, जिसके बाद इसे कुछ घरों में रखवाया, इस शर्त के साथ कि वो लोग नाद में पानी हर दिन समय से भरेंगे और फिर उसके बाद धीरे-धीरे लोगों ने इस शुरुआत और नेक काम को देखा तो अन्य लोग भी अपने घर के बाहर नाद रखने के लिये अग्रसर हुए। शिव मारुति युवा संगठन ने कहा कि ये मुहिम आगे बढ़ती रहेगी और हम युवाओं की मेहनत एक दिन हर घर नाद की मुहिम सफल होती नजर आएगी। युवाओं की दृढ़ इच्छा शक्ति, अच्छी सोच ने कुछ दिन पहले एक छोटी सी पहल थी जो आज रंग ला रही है। इस मुहिम से प्रभावित होकर आज खुद ही लोग अपने घर के बाहर नाद रखवा रहे हैं और खुद ही समय से पानी भर रहे हैं।




## 41 डिग्री तक पहुंचा अधिकतम तापमान, लोगों का गला तर करने नहीं खुल पाए प्याऊ

# तीखे हुए सूर्य के तेवर, चुभने लगी धूप, सूनी हुईं सड़कें

अनूपपुर/कोतमा।

सप्ताह भर से गर्मी के तेवर तीखे हो गए है। सुबह 8 बजे के बाद धूप चुभने लगती है, सड़क पर चलना दूभर हो गया है, लेकिन लोगों का गला तर करने के लिए अब तक जिला मुख्यालय अनुपपुर के मुख्य मार्गों समेत हाट बाजारों में शीतल प्याऊ नहीं खोले गए है। हालात ये है कि शादी समारोह की खरीदारी करने जिला मुख्यालय अनुपपुर आने वाले लोगों को होटलों में जाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है।



### 41 डिग्री तक पहुंचा तापमान

सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का कहना है कि पखवाड़े पूर्व पश्चिमी विक्षोम के चलते मौसम के करवट बदलते ही जहां मौसम में ठंडक घुली थी, लेकिन अब मौसम साफ होने के बाद गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बता दें कि मई महीने में पारे में और भी बढ़ोत्तरी होने के आसार है।

### कूलर, एसी की बढ़ने लगी डिमांड

जिला मुख्यालय में गर्मी के असर दिखते ही शहर में अब तक मंदी के दौर से गुजर रहे एसी, कूलर की डिमांड बढ़ने लगी है। कारोबारियों का कहना है कि हफ्ते भर से कूलर और एसी के बाजार में रौनक आ गई है। हर दिन करीब दो दर्जन से ज्यादा एसी एवं आधा सैकड़ा कूलर की बिक्री हो रही है। कोतमा नगर मे भी गर्मी से लोगों का हाल बुरा हो रहा है। सुबह 8:00 बजते ही धूप चुभने लगती है 10:00 बजे के बाद आसमान से आग बरसाती है शादी ब्याह का मुहूर्त होने के वजह से लोग मजबूरी में खरीदारी करने के लिए बाजार में निकल रहे हैं । लोगों का कहना है कि वह बाजार में चेहरा ढक कर निकल रहे हैं एल के थपेड़े एवं बरसाती आज से बचने के लिए आंखों मे चश्मा भी लगाकर सड़कों पर निकल रहे हैं।

### शाम को बाजारों में खरीददारी करने निकल रहे लोग

जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों तथा आसपास शहरों में दोपहर से लेकर अपरान्ह तक शहर की सड़कें सूनी नजर आ रही है। सोमवार को शहर के हाटबाजार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक सूने नजर आए। शादी समारोह की खरीदारी करने के लिए ही जरुरतमंद लोग पहुंचे। अपरान्ह 5 बजे से लेकर रात्रि करीब 10 बजे तक शहर के बाजार में रौनक देखी जा रही है। धूप से बचाव करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे है।

### सेहत को लेकर रहे सजग

डिहाईड्रेशन का खतरा भीषण गर्मी के मौजूदा इस दौर में सेहत को लेकर सजग रहने की जरूरत है। तरह-तरह के शीतल पेय जहां लोगों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे है वहीं तैलीय पदार्थो के खानपान से डि-हाइड्रेशन का खतरा बढ़ने लगता है। इस मौसम में तरल पदार्थ के साथ ही शरीर में पानी की ज्यादा जरूरत होती है।

## अमरकंटक संत मंडल की बैठक कल्याण सेवा आश्रम में हुई आयोजित

### प.बंगाल में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर संत मंडल में दिखी नाराजगी

अमरकंटक।

मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में रविवार को कल्याण सेवा आश्रम के पुस्तकालय हाल में स्वामी नर्मदानंद गिरी जी महाराज की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई थी। बैठक में सर्व प्रथम सभी के परिचय बाद मुख्य विषय पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हो रही निर्मम हत्या, लूटमार आदि घटित उपद्रव को असहनीय व्यक्त करते हुए मीडिया के माध्यम से राष्ट्रपति से आग्रह कर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को हटा कर राष्ट्रपति शासन लगा देने की मांग किए, प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सरकार का परम कर्तव्य है। बैठक ने दूसरा एक प्रमुख मुद्दा उठाया गया कि अमरकंटक क्षेत्र में धर्मांतरण जैसी बीमारी धीरे धीरे फैलने आशंका जताई जा रही है जिसे संत समाज नाराजगी जताते हुए इस पर प्रशासन को अवगत करते हुए ऐसे लोगों का पर्दाफाश किया जाएगा। तीसरा यह कि वक्फ बोर्ड संशोधन कानून की भूरी भूरी प्रशंसा की है। चौथा यह कि संत मंडल ने आह्वान किया है कि नर्मदा जल में जलकुंभी खूब मात्रा में फैल चुकी है जो ठीक नहीं है जिसे हटाने के लिए प्रशासन के सहयोग साथ हम सभी संतो, नगरवासी इस कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता पर अपना हाट बटायें । पांचवा यह कि अमरकंटक संत मंडल ने कुछ पदाधिकारियों की जवाबदेही बढ़ाई है जिसमें प्रमुख रूप से एक और पद उपाध्यक्ष हेतु प्रस्तावित किया गया जिसे संत हनुमान दास जी ने स्वामी राजेश आजाद जी का नाम लिया गया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया साथ ही संतो ने एक पद संपर्क प्रमुख का भी आज बैठक में संत सुनील गिरी जी को यह सेवा का सौभाग्य प्रदान दिया गया। इस तरह बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा और भी की गई। यह बैठक कल्याण आश्रम में शाम साढ़े पांच बजे प्रारंभ कर घंटों बैठक चली जिसमें सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने आपने विचार प्रस्तुत किए । बैठक में प्रमुख रूप से स्वामी नर्मदानंद गिरी जी महाराज गीता स्वाध्याय मंदिर, स्वामी लवलीन (सचिव) महाराज परमहंस धारकुंडी आश्रम, स्वामी धर्मानंद जी महाराज (कोषाध्यक्ष) कल्याण सेवा आश्रम, स्वामी राजेश आजाद (उपाध्यक्ष) झूलेलाल मंदिर, स्वामी सुनील गिरी (संपर्क प्रमुख) रुद्र गंगा आश्रम, स्वामी हनुमान दास जी शिव गोपाल आश्रम, संत सुदर्शन गिरी जी महाराज, स्वामी नीलम भगत जी श्री श्री धुना जी आश्रम, मयंक जी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या, मुन्ना लाल पांडेय क्षेत्र धर्माचार्य संपर्क प्रमुख, दिनेश साहू समन्वयक, शिव खैरवार सह समन्वयक, पत्रकार आदि अनेकों की उपस्थिति रही ।



## रुद्र गंगा नदी में किया गया बोरी बंधान

अनूपपुर।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रदेश में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बेलगवां एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खाटी के संयुक्त प्रयास से बेलघाट खाटी स्थित रुद्र गंगा नदी में जल संवर्धन अभियान अंतर्गत बोरियों का बोरी बंधान सामूहिक श्रमदान के माध्यम से किया गया। बोरी बंधान से बहते हुए जल के रुकने से भूजल स्तर को बढ़ाया जा सकेगा और सिंचाई के लिए भी जल उपलब्ध हो सकेगा। यह मिट्टी के कटाव को भी रोकेगा और सूखे से राहत भी देगा। बोरी बंधान से पशु-पक्षियों को भी पानी उपलब्ध होगा। साथ ही बोरी बंधान, जल संरक्षण में मदद करके, पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। बोरी बंधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बेलगवां नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खाटी के अध्यक्ष, सीएमसीएलडीपी के परामर्शतदाता, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत खाटी सहित अन्य लोगों ने सामूहिक श्रमदान किया।





## सांसद ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु दिलाई शपथ

### जल जीवन का आधार है- विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को

**अनूपपुर।** सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा है कि किसी भी प्राणी का जीवन प्रकृति, जल एवं वायु के बिना संभव नहीं है। यह सभी, सभी के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इनके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश एवं जिले भर में एक व्यापक जन-आंदोलन बन चुका है। सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के प्रांगण में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान एवं वाटरशेड यात्रा महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि शासन ''खेत का पानी खेत में- गांव का पानी गांव में'' के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सांसद ने कहा कि ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' प्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी के प्रयास से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प पूरा हो सकेगा, हम सभी इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अपना योगदान निभाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसलिए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जल संरक्षण को हमेशा प्राथमिकता दी है। ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' अब जन अभियान बन गया है। अभियान की अवधारणा ''जनसहभागिता से जल संरक्षण और संवर्धन'' पर केन्द्रित है। इस अभियान के अंतर्गत नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के साथ पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं का जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों और जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे है। विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने सभी से आव्हान करते हुए कहा कि सभी इस अभियान में सहभागिता निभाएं तथा शासन द्वारा संचालित जल संरचनाओं से संबंधित योजनाओं का लाभ अवश्य लें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जिले के आम जनों को वाटरशेड के माध्यम से खेत तालाब, मत्स्य पालन, सिंचाई हेतु आधुनिक मशीन, खाद, बीज, उर्वरक इत्यादि का वितरण भी प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित किया जाए।